**B.A. (Honours) Examination, 2019**
**Semester-IV (CBCS)**
**Hindi**
**Course : CC-10**
(हिन्दी निबंध एवं अन्य गद्य विधाएँ)

**Time : 3 Hours** **Full Marks : 60**

Questions are of value as indicated in the margin

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं **तीन** सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 3×8=24

क) श्रद्धा द्वारा हम यह आनंदपूर्वक स्वीकार करते हैं कि कर्म के अमुक-अमुक दृष्टांत धर्म के हैं, अतः श्रद्धा धर्म की पहली सीढ़ी है। धर्म के इस प्रथम सोपान पर प्रत्येक मनुष्य को रहना चाहिए जिसमें जब कभी अवसर आए तब वह कर्म-रूपी दूसरे सोपान पर हो जाए।

ख) एक बूढ़ा था। उसने कहा था—बाहर नहीं, भीतर की और देखो। हिंसा को मन से दूर करो, मिथ्या को हटाओ, क्रोध और द्वेष को दूर करो, लोक के लिए कष्ट सहो, आराम की बात मत सोचो, प्रेम की बात सोचो; आत्मतोषण की बात सोचो, काम करने की बात सोचो।

ग) मेरे मन में सबसे बड़ी चोट लगती है तब, जब देखता हूँ, इस नर-रत्न की कद्र कहाँ तक होगी, बहुत-से लोग इन्हें सुधुआ समझकर ठगने की चेष्टा करते हैं। लेकिन यही नहीं, इन्हें जब-तब झंझटों में डालने की कोशिशें होती हैं और यदि अकस्मात् झंझट में पड़ जाते हैं तो उससे निकालने की क्या बात, इनके तड़पने का तमाशा देखने में लोग मजा अनुभव करते हैं।

घ) उस तट पर किसी गुरु को किसी शिष्य से कभी ऐसी दक्षिणा मिली होगी, ऐसा मुझे विश्वास नहीं; परन्तु उस दक्षिणा के सामने संसार में अब तक सारे आदान-प्रदान फीके जान पड़े।

ङ) एक पुरुष के प्रति अन्याय की कल्पना से ही सारा पुरुष-समाज उस स्त्री से प्रतिशोध लेने को उतारू हो जाता है और एक स्त्री के साथ क्रूरतम अन्याय का प्रमाण पाकर भी सब स्त्रियाँ उसके अकारण दण्ड को अधिक भारी बनाये बिना नहीं रहतीं।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए : 3×12=36

क) आचार्य रामचंद्र शुक्ल की निबंध-शैली की विशेषताएँ बताइए।

ख) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी के निबंधों की अन्तर्वस्तु की समीक्षा कीजिए।

ग) रजिया की चारित्रिक विशेषताओं का उद्घाटन कीजिए।

घ) संस्मरण-कला की विशेषताओं के आलोक में 'रामा' संस्मरण का मूल्यांकन कीजिए।

ङ) तुलनात्मक विवेचन द्वारा लछमा और बिन्दा के जीवन की कठिनाइयों पर प्रकाश डालिए।